सीएम भगवंत मान ने प्रगतिशील किसानों को मुख्यमंत्री पुरस्कार से किया सम्मानित

पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पशु पालन मेले का किया उद्घाटन



भूपिंदर शान | लुधियाना
समर न्यूज़

गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना ने पशुपालन मेले के प्रथम दिन तीन पशुपालकों को मुख्यमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से एक भव्य समारोह में प्रदान किए गए। इस अवसर पर गुरमीत सिंह खुड्डियां, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले खुड्डियां ने पशुपालन मेले का उद्घाटन किया।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और कार्यवाहक कुलपति सुखजीत पाल सिंह और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल भी इस सम्मान समारोह में उपस्थित थे। श्री मुक्तसर साहिब जिले के चौंतरा गांव के श्री सुरजीत सिंह के पुत्र एस. बलविंदर सिंह को नवोन्मेषी पशुपालक श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उनका डेयरी फार्म उन्नत मशीनीकरण, प्रजनन कार्यक्रम और अभिलेखीय व्यवस्था से सुसज्जित है और अच्छी तरह से प्रबंधित है। उनके फार्म में लगभग 90 गायें, बछिया और नस्ल-आधारित पशु हैं जो प्रतिदिन लगभग 12 क्विंटल दूध का उत्पादन करते हैं। फार्म में आधुनिक दुहने का कक्ष है जिससे न्यूनतम मानवीय संपर्क के साथ गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन सुनिश्चित होता है।

संगरूर जिले के चमन लाल के पुत्र राजेश गर्ग को नवोन्मेषी कुक्कुट किसान श्रेणी में सम्मानित किया गया। उनका कुक्कुट फार्म 15 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें पर्यावरण नियंत्रित शेडों में 4,50,000 अंडे देने वाली मुर्गियां और 2 लाख चूजे और बड़े हो रहे मुर्गियां हैं।

पर्यावरण के अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन तकनीक को अपनाने के लिए पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उन्हें मान्यता दी गई है। वे पास के एक अस्पताल में मरीजों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके समाज की सेवा भी करते हैं। पशुधन उत्पादों के मूल्यवर्धन की श्रेणी में, तरनतारन जिले के हरिके निवासी एस जसवंत सिंह के पुत्र एस जरनैल सिंह ने पुरस्कार जीता। वे लगभग 50,000 लीटर दूध प्रसंस्करण संयंत्र चलाते हैं। वे दूध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों एवं मिठाइयों के निर्माण के लिए वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करते हैं, साथ ही उप-उत्पादों की बिक्री भी करते हैं।

इस समारोह में पशुधन क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रगतिशील किसान और पशु आहार व्यवसायी श्री मनदीप सिंह खटरा को भी सम्मानित किया गया। होशियारपुर स्थित उन्नति सहकारी समिति की श्री ज्योति सरूप को भी सम्मानित किया गया। डॉ. ग्रेवाल ने बताया कि इन मुख्यमंत्री पुरस्कारों में नकद राशि के साथ पट्टिका, शॉल और प्रशस्ति पत्र भी शामिल हैं। पशुपालन श्रेणी के लिए नकद पुरस्कार 21000/- रुपये, मुर्गीपालन श्रेणी के लिए 11000/- रुपये और पशुधन उत्पादों के मूल्यवर्धन के लिए 11000/- रुपये है।

पशुपालन पंजाबी संस्कृति का अभिन्न अंगः खुड्डियां



लुधियाना स्थित गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशुपालन मेले का उद्घाटन पंजाब के पशुपालन, मत्स्य पालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया, पशुओं की विभिन्न नस्लों को देखा और अनुसंधान प्रौद्योगिकियों तथा किसान-उन्मुख सेवाओं को प्रदर्शित करने में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

खुड्डियां ने कहा कि प्राचीन काल से ही पशुपालन पंजाबी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है; अतीत में, किसी व्यक्ति की संपत्ति का आकलन केवल उसकी भूमि जोत से ही नहीं, बल्कि उसके पशुधन की संख्या से भी किया जाता था। उन्होंने कहा कि पशुपालन क्षेत्र को व्यापक स्तर पर अपनाकर हम दूध उत्पादन में अधिशेष प्राप्त कर सकते हैं, जिससे जन स्वास्थ्य और किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पशुपालन का कोई भी पहलू महत्वहीन नहीं है। उन्होंने विश्वविद्यालय की अनुसंधान पहलों, पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के प्रयासों की सराहना की और वैज्ञानिकों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

कुलपति डॉ. जतिंदर पॉल सिंह गिल ने बताया कि विश्वविद्यालय में नस्ल सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण कार्य चल रहा है, जिसमें बेहतर जर्मप्लाज्म की आपूर्ति शामिल है। मेले में पंजाब व पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान शामिल हुए। मेले में गणमान्य व्यक्ति, सरकारी अधिकारी, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, छात्र व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। गुरदित्त सिंह सेखों, विधायक, गुरपीत सिंह बनावली, विधायक, जगदीप सिंह बराड़, विधायक, डॉ. परमदीप सिंह वालिया, निदेशक पशुपालन, पंजाब, डॉ. देवी सिंह राजपूत, एडीईई, राजूवास, संजीव कुमार, डीडीएम, नाबार्ड, ज्योति सरूप उन्नति सहकारी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ उपस्थित थे।

किचलू नगर में सड़क पर सवा महीने से पड़ा पाइप, आधी सड़क ब्लॉक; रोज लग रहा जाम

हादसे का खतराः स्कूल छुट्टी के समय फंसते हैं वाहन, अस्पताल के पास एंबुलेंस भी अटक रही

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

किचलू नगर में करीब सवा महीने पहले धंसी सड़क को भले ही ठीक कर दिया गया हो, लेकिन सड़क पर पड़ा बड़ा सीमेंटेड पाइप अब लोगों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहा है। पाइप के कारण सड़क का करीब आधा हिस्सा ब्लॉक है। इससे रोजाना जाम की स्थिति बन रही है।

रात के समय पाइप दिखाई न देने पर हादसे की आशंका बनी रहती है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी के समय यहां वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम लग जाता है। आसपास अस्पताल होने के कारण मरीजों को लेकर आने-जाने वाली एंबुलेंस भी कई बार जाम में फंस जाती हैं। पाइप के आगे-पीछे सड़क पर



वाहन पार्क होने से परेशानी और बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि सड़क धंसने के दौरान सीवरेज की मेन पाइप लाइन टूट गई थी। इसके बाद वर्ल्ड बैंक की टीम की ओर से दो सीमेंटेड पाइप मौके पर लाकर सड़क किनारे रखे गए थे। निगम अधिकारियों के अनुसार मौजूदा स्थिति के हिसाब से पाइप छोटी होने के कारण इसका इस्तेमाल नहीं हो सका। बाद में मौके पर दीवार बनाकर सीवरेज लाइन को कवर कर दिया गया, लेकिन पाइप को वहां से हटाया नहीं गया।

एसई बोले- कई बार कहा, अब फिर वर्ल्ड बैंक टीम को कहेंगे


ओएंडएम सेल के एसई एकजोत सिंह ने बताया कि वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों और मुलाजिमों को पाइप हटाने के लिए कई बार कहा जा चुका है। यह पाइप किसी काम नहीं आई है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुलाजिमों की ओर से अभी पाइप नहीं हटाई गई। किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए उन्हें दोबारा सूचित किया जाएगा।

चलती कार में अचानक लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

जनकपुरी पुलिस चौकी के पास गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क पर चल रही एक स्विफ्ट कार के बोनट से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग तेजी से पूरी कार में फैल गई। कार में सवार चालक ने समय रहते वाहन रोककर बाहर छलांग लगा दी और अपनी जान बचाई।

कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलने लगी। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हरगोविंद नगर निवासी आशु ने



बताया कि वह किसी जरूरी काम से चीमा चौक की तरफ से आ रहा था। जैसे ही वह जनकपुरी पुलिस चौकी के पास पहुंचा, अचानक कार के बोनट से आग की लपटें निकलने लगीं। शुरुआत में आग कम थी, लेकिन देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। आशु ने तुरंत कार रोककर बाहर निकलने के बाद आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगी।

मौके पर मौजूद एक राहगीर ने अपनी गाड़ी में रखे फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद पास की फैक्ट्री से तीन-चार अग्निशमन यंत्र मंगवाकर भी आग बुझाने की कोशिश की गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया गया।

किशोरियों को अपराध से बचाने के लिए अभियान शुरू

समर न्यूज़ | अश्वनी पाहवा | लुधियाना : किशोरियों को अपराध और शोषण के जोखिम से बचाने, उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा को मजबूत करने और उन्हें शिक्षा व भविष्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए लुधियाना में 12 से 18 वर्ष की लड़कियों के लिए विशेष सशक्तीकरण अभियान शुरू किया गया है। अभियान की मुख्य पहल के तहत पुलिस और विभिन्न विभागों की टीमें स्कूल-कॉलेजों के साथ-साथ स्कूल छोड़ चुकी, आर्थिक रूप से कमजोर, प्रवासी परिवारों और अन्य संवेदनशील वर्गों की किशोरियों तक सीधे पहुंचेंगी। शुक्रवार को लुधियाना पुलिस लाइंस में स्पेशल डीजीपी कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन गुरप्रीत कौर देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। अभियान में किशोरियों की स्वास्थ्य जांच, पोषण और मासिक धर्म स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाएगी।



शताबगढ़ में जन्मदिन पर युवक के साथ अनहोनी

समर न्यूज़ | दीपक कुमार | माछीवाड़ा साहिब : पंजाब में अलग-अलग पार्टियां नशों के मुद्दे पर आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बना रही हैं और मौजूदा सरकार भी ड्रग्स पर कंट्रोल करने के दावे कर रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है और हर दिन युवा इस नशे का शिकार हो रहे हैं। माछीवाड़ा साहिब के गांव शताबगढ़ के एक युवक अमनदीप सिंह उर्फ जस्सी (20) की भेद भरे हालात में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए मृतक अमनदीप सिंह की मां सरबजीत कौर और करीबी रिश्तेदार रणजीत सिंह ने बताया कि उनका बेटा अमनदीप सिंह एक फैक्ट्री में काम करता था और वह 14 सितंबर की शाम को अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर निकला था, लेकिन जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो हमने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला।



102 ग्राम हेरोइन के साथ युवक किया गिरफ्तार

समर न्यूज़ | अश्वनी पाहवा | लुधियाना : नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे अभियान के बीच साहनेवाल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित नशा तस्कर को 102 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जस्करन मंडेर उर्फ जस्सी निवासी हीरो सुमन नगर, गांव जसपाल बांगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और उसके खिलाफ थाना साहनेवाल में पहले भी दो मामले दर्ज हैं।



पुलिसकर्मी बन तलाशी लेने वाले ने सेल्समैन को लूटा

समर न्यूज़ | अश्वनी पाहवा | लुधियाना : महानगर में राहगीरों को लूटने के लिए बदमाश नए-नए तरीके अपना रहे हैं। थाना बस्ती जोधेवाल के अधीन राहों रोड पर एक बाइक सवार युवक ने खुद को पुलिस जैसा रौब दिखाते हुए बुजुर्ग सेल्समैन को रोक लिया। आरोपी ने उस पर नशा और प्रतिबंधित गुटखा बेचने का आरोप लगाया और तलाशी लेने के बहाने उसकी जेब से पर्स व करीब 10 हजार रुपये निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर फरार हो गया। पूरी घटना सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सलेम टाबरी निवासी मनीरूल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करीब 30 वर्षों से लुधियाना में सेल्समैन का काम कर रहा है। शुक्रवार को वह मोटरसाइकिल पर अपने काम के सिलसिले में राहों रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए एक बाइक सवार युवक ने उसे ओवरटेक कर रास्ते में रोक लिया। मनीरूल के अनुसार आरोपी ने उसे रोकते ही नशा और प्रतिबंधित गुटखा सप्लाई करने के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। उसने खुद को निर्दोष बताते हुए आरोपी को अपना परिचय भी दिया, लेकिन युवक नहीं माना। उसने पहले मोटरसाइकिल पर रखे बैग की तलाशी ली और इसके बाद मनीरूल की जेबें टटोलने लगा। पीड़ित के मुताबिक तलाशी के बहाने आरोपी ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया।

ट्रैफिक में एक्टिवा का बिगड़ा संतुलन, सड़क पर गिरे युवक के सिर के ऊपर चढ़ा ट्रक

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

डाबा रोड पर एचपी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार दोपहर ट्रैफिक के बीच हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। एक्टिवा का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरे युवक के ऊपर पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया चढ़ गया। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान हितेश के रूप में हुई है। उसके भाई संजय निवासी गुरप्रीत नगर, डाबा लोहारा रोड ने बताया कि 17 सितंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे हितेश एक्टिवा पर सवार होकर घर लौट रहा था।

निगम टीम पर पथराव, तोड़ी जेसीबी; एक घर गिराकर वापस लौटे अफसर

लोह लंगर की जमीन पर बनी मनदीप एन्क्लेव में कार्रवाई के दौरान हंगामा, टीम का घेराव; हाईकोर्ट की रोक के बावजूद निर्माण का आरोप

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

ग्यासपुरा की मनदीप एन्क्लेव में अवैध निर्माण हटाने पहुंची नगर निगम जोन-सी की बिल्डिंग ब्रांच की टीम पर शुक्रवार को लोगों ने पथराव कर दिया।

कार्रवाई के दौरान निगम की जेसीबी में भी तोड़फोड़ की गई और टीम का घेराव कर उसे रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हालात बिगड़ने पर निगम टीम को कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी। हालांकि टीम ने मशक्कत के बाद एक घर को गिरा दिया।

जानकारी के मुताबिक मनदीप एन्क्लेव लोह लंगर की जमीन पर





विकसित किए जाने का आरोप है। इस जमीन और यहां हुए निर्माण का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन बताया जा रहा है। हाईकोर्ट द्वारा यहां निर्माण पर रोक लगाए जाने के बावजूद निर्माण जारी रहने की शिकायतें निगम को मिल रही थीं। इसी आधार पर शुक्रवार को एटीपी रणधीर सिंह अन्य मुलाजिमों और पुलिस टीम के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। कार्रवाई शुरू होते ही मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते टीम पर पथराव किया गया और जेसीबी को निशाना बनाया गया। निगम मुलाजिमों को घेर लिया गया। स्थिति बिगड़ने के बाद टीम ने कार्रवाई रोक दी और मौके से लौटना पड़ा। घटना में निगम मशीनरी को नुकसान पहुंचा, जबकि मुलाजिमों के बचाव की बात सामने आई है।

▪ वीडियो और शिकायत के आधार पर होगी पुलिस कार्रवाई

एटीपी रणधीर सिंह ने बताया कि जोनल कमिश्नर के माध्यम से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। मौके की वीडियो फुटेज के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर पुलिस कार्रवाई के लिए कहा गया है।

▪ किसकी शह पर बनते रहे निर्माण?

मामले में अब निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पूर्व इंस्पेक्टर कमल धीर के कार्यकाल में यहां निर्माण हुए। हालांकि कमल धीर की ओर से कहा गया था कि उनके कार्यकाल में कोई अवैध निर्माण नहीं हुआ। उनकी करीब एक सप्ताह पहले ही ट्रांसफर हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि निर्माण बाद में नहीं हुए तो निगम को इसकी जानकारी पहले क्यों नहीं मिली और कार्रवाई निर्माण पूरा होने के बाद ही क्यों करनी पड़ी? निगम अधिकारियों का कहना है कि शिकायत और वीडियो के आधार पर अब पथराव व तोड़फोड़ करने वालों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी।

स्कूलों के पास तंबाकू व ई-सिगरेट बेचने वालों पर पुलिस की सख्ती

अश्वनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

स्कूली बच्चों और युवा पीढ़ी को तंबाकू, निकोटीन और नशे से दूर रखने के लिए लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। 'से नो टू टोबैको एंड ई-सिगरेट' थीम के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के आसपास पुलिस टीमों ने विशेष चेकिंग की।

इस दौरान तंबाकू उत्पाद, सिगरेट और प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



पुलिस कमिश्नर के निर्देशों पर विभिन्न थानों और पीसीआर की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों के आसपास अचानक जांच की। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत शिक्षण संस्थानों के आसपास निर्धारित दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। पुलिस टीमों ने स्कूलों के आसपास स्थित खोखों, पान की दुकानों, छोटी दुकानों और कैंटीनों की जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के चालान किए गए और प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने विशेष रूप से ई-सिगरेट और वेप की बिक्री पर नजर रखी।

अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि नाबालिगों को तंबाकू या अन्य प्रतिबंधित पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दुकानदारों को शिक्षण संस्थानों के आसपास प्रतिबंधित सामग्री की बिक्री से दूर रहने के निर्देश दिए।

शादी से इन्कार किया तो बंधक बना किया दुष्कर्म

अश्वनी पाहवा/ सहजप्रीत सिंह
समर न्यूज़ | लुधियाना

शादी का प्रस्ताव ठुकराने की कीमत एक 17 वर्षीय नाबालिगा को कथित तौर पर अपहरण और दुष्कर्म के रूप में चुकानी पड़ी। आरोप है कि शादी से इन्कार करने से नाराज युवक तीन-चार साथियों के साथ नाबालिग के घर में घुसा और उसे जबरन कार में बैठाकर शिमला ले गया।

वहां एक होटल के कमरे में करीब एक महीने तक उसे बंधक बनाकर रखा गया। पीड़िता के अनुसार, इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। कमरे से निकलने का मौका मिलने पर वह किसी तरह होटल से भागी और फगवाड़ा स्थित अपनी बुआ के घर पहुंची। इसके बाद उसने परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

आरोपी युवक से उसकी मुलाकात मलेरकोटला में एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। युवक ने उससे शादी करने की इच्छा जताई, लेकिन उसने साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी लगातार उस पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने बताया कि एक दिन आरोपी कमरे का दरवाजा लॉक करना भूल गया। उसने इस मौके का फायदा उठाया और होटल से निकल गई। इसके बाद वह फगवाड़ा में अपनी बुआ के घर पहुंची। बुआ ने उसके पिता को सूचना दी, जिसके बाद परिवार उसे लेकर सामने आया।

परिवार के अनुसार, नाबालिगा की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।परिवार के मुताबिक, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

स्वच्छता

कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायतों से स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की

गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों की भागीदारी जरूरीः हरदीप सिंह मुंडियां

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

विधानसभा हलका साहनेवाल के विधायक एवं पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज गांव मुंडियां में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने जिला लुधियाना के अंतर्गत आने वाले गांवों की ग्राम पंचायतों को अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।



गांव मुंडिया में स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान की शुरुआत करते कैबिनेट मंत्री मुंडियां।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है और गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा कर्तव्य है। लोगों को अपने आसपास सफाई रखने, कूड़े का उचित निपटारा करने और स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतें अपनाने के लिए आगे आना चाहिए। गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और लोगों को इस अभियान से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण जरूरत है।

इस दौरान जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के मंडल कार्यालय नंबर-2 के सोशल एवं आईईसी विंग की ओर से स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व, साफ पानी के उपयोग, स्वस्थ जीवन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विभाग की ओर से पंचायतों और गांववासियों से अपील की गई कि वे अभियान के दौरान स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने गांवों को साफ-सुथरा, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वच्छता संबंधी कार्यों से जोड़ना है।

अभियान की सफलता के लिए पंचायतों, विभागीय अधिकारियों और गांववासियों की सामूहिक भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व को समर्पित गुरमत समागम श्रद्धा से आयोजित

नील कमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

श्री गुरु नानक देव साहिब जी के विवाह पर्व को समर्पित गुरमत समागम गुरुद्वारा अकाल मंडल (रजि.), गुरु हरगोबिंद नगर, भाई जोगा सिंह रोड, सिविल लाइंस, लुधियाना में बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर तख्त श्री पटना साहिब के श्री सिंह साहिब ज्ञानी इकबाल सिंह जी तथा गुरुद्वारा अकाल मंडल (रजि.) के मुख्य सेवादार संत सतिनाम सिंह उदासी जी ने संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी से जुड़ने तथा गुरबाणी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155